य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 3 | अंक 352 | पृष्ठ 24 | मूल्य 5.00 | **झुंझुनूं, रविवार, 28 सितम्बर, 2025** | आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत् 2082

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

शुभ नवरात्र

राजस्थान पत्रिका SUNDAY

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास से देश की अर्थव्यवस्था में आती मजबूती

पिलानी सिरी संस्थान में आयोजित समारोह में सम्मानित करते अतिथि।

पिलानी. केन्द्रीय इलैक्ट्रोनिकी अभियान्त्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 84 वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। समारोह में सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा मुख्यअतिथि थे। सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून के निदेशक डॉ. हरेन्द्र सिंह बिष्ट, सीरी के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. वी के खन्ना एवं डॉ. एल एम जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने की। अतिथियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए विकास की रीढ़ बताया। उन्होंने विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी के बल पर विकास की गति से जोड़ा। निदेशक डा. पीसी पंचारिया ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक नवाचार को विस्तार से समझाया। अतिथियों ने संस्थान के कार्मिकों के कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं आईआईटी में प्रवेश करने वाले के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए सीरी के 7 कार्मिको के साथ साथ संस्थान में 25 वर्ष की सेवा देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। डॉ. राजेन्द्र वर्मा एवं माया ने संचालन किया। संस्थान की प्रशासन नियंत्रक मधुरंजन पाण्डेय ने आभार जताया।

◌̀